**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आरोप–केन्द्र से मिली धनराशि का सही आबंटन नहीं कर पा रही प्रदेश सरकार।
- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में होमगार्ड व अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक तकनीक से किया जाएगा लैस।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ भेदभाव का लगाया आरोप।
- किन्नौर ज़िले के पूह में भारतीय सेना ने किया सामुदायिक रेडियो स्टेशन ''वॉयस ऑफ किन्नौर'' का शुभारम्भ।

**समाचार विस्तार से..........**

**जे.पी. नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि राज्य सरकार केन्द्र द्वारा दी गई धनराशि का सही ढंग से आबंटन नहीं कर पाई है। कांगड़ा के गग्गल में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार ने खुद ही अव्यवस्था फैला रखी है। नड्डा ने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय कुप्रबंधन में सबसे आगे है और सरकार चलाने में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू विफल रहे हैं।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रदेश दौरे के दौरान उन्होंने आकांक्षी ज़िला चम्बा में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ज़िला की श्रेणी में आने के बाद चम्बा ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि कुछ कमियां भी सामने आई हैं जिन्हें दूर करने को कहा गया है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार होमगार्ड और अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करेगी। शिमला के समीप बल्देयां में आज अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही 7 सौ नए होमगार्ड कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कल्याणकारी नीतियों और कानूनों में सुधार कर आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने 13 अग्निशमन वाहनों को हरी झण्डी दिखाई और विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ज़िले में राज्यस्तरीय रोहड़ू मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने करीब 19 करोड़ रूपए से स्तरोन्नत होने वाली रोहड़ू–डोडरा क्वार सड़क के कार्य का भूमि पूजन भी किया। एक जनसभा में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रोहड़ू क्षेत्र में करीब 70 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों के कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग व प्रयासों से वे केन्द्र से 5 सौ करोड़ रूपए लाने में सफल हुए हैं जिससे प्रदेश के विकास में गति मिलेगी।

**बस किराया**

प्रदेश सरकार ने राज्य में न्यूनतम बस किराया पांच से बढ़ाकर दस रुपये कर दिया है। दस रुपये का ये न्यूनतम किराया पहले चार किलोमीटर के सफर तक लागू होगा। परिवहन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। चार किलोमीटर से अधिक के सफर पर प्रति किलोमीटर किराया पहले की तरह 2 रुपये 19 पैसे के आधार पर लिया जाएगा। दूसरी ओर, भाजपा ने न्यूनतम बस किराए में की गई वृद्धि को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि इस तरह के जनविरोधी निर्णयों से जनता कांग्रेस सरकार के शासन से परेशान हो गई है।

माकपा ने भी न्यूनतम बस किराया वृद्धि के फैसले का विरोध किया है। पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा कि प्रदेश में रेल और अन्य परिवहन साधनों के अभाव में बस सेवा ही एकमात्र परिवहन का साधन है, ऐसे में जनता विशेष रूप से किसान, मज़दूर और छात्रों पर किराया वृद्धि का बोझ पड़ेगा।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मण्डी में शुरू किए गए सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ज़िले के पधर और बासा में बने दो भवनों को क्रियाशील नहीं किया जा रहा है और इन्हें निजी कॉलेजों को देने की कोशिश की जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मण्डी में विश्वविद्यालय प्रदेश की ज़रूरतों के अनुसार खोला गया था लेकिन वर्तमान में मुख्यमंत्री द्वारा इस विश्वविद्यालय की अनदेखी करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**अभियान**

इस बीच, बिलासपुर के झण्डुता में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान में जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उनके इको सिस्टम ने हमेशा बाबा साहेब और संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस पार्टी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अंबेडकर सेंटर बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा मोदी सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ स्मारक बनाया है।

**सामुदायिक रेडियो**

जनजातीय ज़िला किन्नौर के पूह में आज से सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'वॉयस ऑफ किन्नौर' शुरू हो गया है। भारतीय सेना की ओर से प्रदेश में पहली बार सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया गया है। सेना की सूर्या कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफिटनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल स्थानीय कला व संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि महत्वपूर्ण विषयों सहित आपात स्थिति में लोगों तक सूचना पहुंचाने में भी मदद मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि वॉयस ऑफ किन्नौर का उद्घाटन सीमावर्ती क्षेत्रों में भारतीय सेना की समुदायों के साथ जुड़े रहने और उनके विकास में योगदान करने की अटूट प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है। इस पहल से किन्नौर क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आसमान पर बादल छाए हुए हैं। दोपहर के समय कई स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ जमकर वर्षा हुई है। उधर, जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई है। दूसरी ओर, किन्नौर ज़िले में भारी वर्षा के कारण स्पीलो से पूह के बीच राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पत्थर गिरने से ये मार्ग जगह–जगह अवरूद्ध है। प्रशासन द्वारा पूह क्षेत्र में फंसे यात्रियों के लिए लोक निर्माण और जल शक्ति विभागों के विश्राम गृहों में रहने व खाने का प्रबंध किया गया है। मौसम के बदले मिजाज से पहाड़ों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले कुछ घंटों में प्रदेश के अनेक स्थानों पर तूफान व बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। राज्य में कल से मौसम साफ बना रहेगा।

**मास्टर गेम्स**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि वर्तमान सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की सम्मान राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। धर्मशाला में नैशनल मास्टर गेम्स के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि पुरानी प्रतिस्पर्धाओं में भी देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को नई खेल नीति के अनुसार बढ़ी हुई धनराशि दी जा रही है। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में भी खिलाड़ियों की भावनाओं का पूरा ख्याल रखेगी। 26 अप्रैल तक चलने वाली नेशनल मास्टर गेम्स में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं।

**आग**

राजधानी शिमला के विकासनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में बीती रात आग लगने से करोड़ों का नुकसान हुआ है। इस घटना में स्कूल में रखी किताबें व ज़रूरी कागजात सहित कम्प्यूटर भी जलकर राख हो गए। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने आज सुबह घटनास्थल पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने फौरी राहत के तौर पर स्कूल प्रबंधन को 5 लाख रूपए देने की घोषणा की।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आरोप–केन्द्र से मिली धनराशि का सही आबंटन नहीं कर पा रही प्रदेश सरकार।
- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में होमगार्ड व अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक तकनीक से किया जाएगा लैस।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ भेदभाव का लगाया आरोप।
- किन्नौर ज़िले के पूह में भारतीय सेना ने किया सामुदायिक रेडियो स्टेशन ''वॉयस ऑफ किन्नौर'' का शुभारम्भ।